भारत की कम्युनिस्ट पार्टी(मार्क्सवादी)
झारखंड राज्य कमिटी
दिनांक 09 जुन 2022

प्रेस वक्तव्य

झारखंड मे कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक - माकपा

माकपा का राज्य सचिवमंडल राज्य मे लगातार बढ़ रही हत्या, लूट और डकैती की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करता है. राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड मे कानून-व्यवस्था की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है. रांची, जमशेदपुर, धनबाद और बोकारो जैसे औद्योगिक शहरों मे रोजाना हो रही हत्या, लूट, और गैंगवार की घटनाएं कानून - व्यवस्था की संगीन स्थिति को सामने ला दिया है.
राज्य मे पुलिस - प्रशासन का बड़ा तंत्र रहने के बावजूद हालात सुधर नहीं रहें हैं. राज्य के जेलों मे बंद कुख्यात अपराधी अवैध वसुली का धंधा जेल से संचालित कर रहें हैं और वसुली नहीं होने पर अपने शुटरों का इस्तेमाल हत्याएं करने के लिए कर रहें हैं.
इस परिस्थिति मे राज्य का गृह मंत्रालय जो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ही जिम्मे है अपनी ज़िम्मेवारी से नहीं मुकर सकते हैं. माकपा राज्य सचिवमंडल झारखंड सरकार से मांग करता है कि कानून - व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने की दिशा मे ठोस कदम उठाए जाएं, पुलिस बल की गश्त को सघन किया जाय. बारदात के क्षेत्र मे पदस्थापित पुलिस अधिकारियों की जिम्मेवारी तय करते हुए व्यवसायिक प्रतिष्ठानों वाले इलाके मे पुलिस और व्यवसायियों व स्थानीय लोगों की संयुक्त निगरानी की प्रणाली शुरू की जाय. पुलिस बल की कमी को दूर किए जाने के लिए खाली पड़े पदों पर बहाली की प्रक्रिया अविलंब प्रारंभ किया जाय. बिना वजह केवल सामाजिक स्टेटस के लिए पुलिस बल का उपयोग अंगरक्षक के रूप किए जाने की परिपाटी तुरंत खत्म किया जाय.

प्रकाश विप्लव
राज्य सचिव